# अच्छी क्वालिटी वाले कॉन्टेंट के लिए YouTube की बनाई हुई नीतियां, बच्चों की क्रिएटिविटी और जिज्ञासा को बढ़ाने में क्रिएटर्स की किस तरह मदद करती हैं

आज-कल बच्चे कुछ नया सीखने, ऑनलाइन मिलने-जुलने, और अपनी पहचान बनाने के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं. डिवाइस का इस्तेमाल करना अब उनकी रोज़ाना की ज़िंदगी का हिस्सा बन गया है. ऐसे में माता-पिता, अभिभावक, और YouTube की कोशिश है कि बच्चे इस समय का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल क्रिएटिव कामों में करें और इससे प्रेरणा लें. इससे उनकी कल्पना और जिज्ञासा को नई उड़ान मिल सकती है.

इसलिए, हमने 2021 में बच्चों और परिवार के लिए अच्छी क्वालिटी वाले कॉन्टेंट से जुड़ी नीतियां लागू की थीं. इसमें बताया गया है कि YouTube पर बच्चों के लिए कॉन्टेंट बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए. सुझाव देने वाला हमारा सिस्टम और कॉन्टेंट की क्वालिटी से जुड़ी नीतियों को इसलिए बनाया गया है, ताकि YouTube पर बच्चों और युवाओं को बेहतर सुरक्षा और अच्छा अनुभव मिल सके.

# “अच्छी क्वालिटी” और “खराब क्वालिटी” वाले कॉन्टेंट के बारे में जानो

इन नीतियों को बच्चों के विकास, उभरते हुए मीडिया, और डिजिटल वेलबीइंग के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों की मदद से तैयार किया गया है. इनमें अच्छी क्वालिटी वाले कॉन्टेंट से जुड़ेनिर्देश शामिल हैं, जिनमें, बच्चों के विकास और भलाई पर ध्यान दिया जाता है. साथ ही, इनमें खराब क्वालिटी वाले कॉन्टेंट के बारे में बताया गया है और यह समझाया गया है कि कॉन्टेंट बनाते समय किन चीज़ों से बचना चाहिए.

कम शब्दों में कहें, तो अच्छी क्वालिटी वाला “बच्चों के लिए बना” कॉन्टेंट, उम्र के हिसाब से बेहतरीन, प्रेरित करने वाला, और दिलचस्प होना चाहिए. मतलब कॉन्टेंट ऐसा होना चाहिए जो हमारे सबसे सही तरीकों का पालन करते हुए, इन विषयों पर बने कॉन्टेंट का प्रमोशन करता हो:

## अच्छी क्वालिटी कॉन्टेंट की नीतियां

- अच्छा इंसान बनने में मदद करना
- सीखने और जानने की इच्छा बढ़ाना
- क्रिएटिविटी, खेल, और कल्पना शक्ति बढ़ाना
- असल दुनिया से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करना
- अलग-अलग तरह के लोगों को समानता और बिना किसी भेदभाव के शामिल करना

हमारी नीतियों के मुताबिक, खराब क्वालिटी वाला “बच्चों के लिए बना” कॉन्टेंट इस तरह का होता है:

## कम क्वालिटी कॉन्टेंट की नीतियां

- बहुत ज़्यादा व्यावसायिक या प्रमोशन करने वाले वीडियो
- गलत व्यवहार या सोच को बढ़ावा देने वाले वीडियो
- शिक्षा के नाम पर गुमराह करने वाले वीडियो
- समझने में बाधा डालने वाले वीडियो
- सनसनीख़ेज़ या बहकाने वाले वीडियो
- बच्चों के किसी पसंदीदा किरदार को गलत तरीके से दिखाने वाले वीडियो

ऐन कॉलियर, The Net Safety Collaborative की फ़ाउंडर और एक्ज़ेक्यूटिव डायरेक्टर हैं और YouTube को वीडियो की क्वालिटी से जुड़ी नीतियां बनाने में मदद करने वाले विशेषज्ञों में से एक हैं. कॉलियर के मुताबिक, नीतियों को बनाने की प्रक्रिया का मकसद यह तय करना है कि बच्चों के मानसिक विकास और उनकी शिक्षा के लिए किस तरह का कॉन्टेंट सही है. साथ ही, यह समझाना है कि किस तरह का कॉन्टेंट हानिकारक है और स्वीकार नहीं किया जा सकता.

**“इन नीतियों से माता-पिता को अपने बच्चों के ऑनलाइन या ऑफ़लाइन किसी भी मामले में सामाजिक-भावनात्मक स्वास्थ्य और विकास को बनाए रखने में मदद मिलती है. यह मामला सिर्फ़ वीडियो बनाने या उसे देखे जाने का नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन की गुणवत्ता और  उनके मानसिक विकास से जुड़ा है.”**

**ऐन कॉलियर**

फ़ाउंडर और एक्ज़ेक्यूटिव डायरेक्टर,
The Net Safety Collaborative

# बच्चों और परिवार के लिए बने अच्छी क्वालिटी वाले कॉन्टेंट को बढ़ावा देना

2021 में बच्चों और परिवार के लिए बने कॉन्टेंट की क्वालिटी से जुड़े हमारे सिद्धांतों को लॉन्च और लागू करने के बाद से सितंबर 2023 तक, YouTube Kids application पर ऐसे कॉन्टेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या में 45% से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है.

यूनिवर्सिटी ऑफ़ एम्सटर्डैम (यूवीए) के एम्सटर्डैम स्कूल ऑफ़ कम्यूनिकेशन रिसर्च (एएससीओआर) की प्रोफ़ेसर, जेसिका पित्रोवस्की का कहना है कि YouTube, बच्चों और परिवारों की मदद करने की राह में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रतिबद्धता दिखाते हुए, इंडस्ट्री के लिए एक मिसाल कायम कर रहा है. जेसिका YouTube की युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी की सदस्य भी हैं. उन्होंने ये भी कहा, " डिजिटल मीडिया के इस्तेमाल और युवाओं के लिए बनाए गए प्रॉडक्ट से जुड़ी जानकारी को लेकर उनके अनुभव को समझने के लिए विशेषज्ञों का सहयोग लेना, कम उम्र के दर्शकों की खास ज़रूरतों को पूरा करने का एक प्रभावी तरीका है."

हमारी नीतियों जिस में बच्चों का खास तौर पर ध्यान रखा जाता है , कई क्रिएटर्स को अपने कॉन्टेंट की क्वालिटी बेहतर बनाने की प्रेरणा देती है. YouTube, वर्कशॉप और टाउन हॉल मीटिंग करता है, ताकि बच्चों और परिवारों के लिए अच्छी क्वालिटी वाले शॉर्ट वीडियो बनाने में मदद मिले. साथ ही, याल्डा टी॰ उल्स के स्थापित किए गए यूसीएलए, सेंटर फ़ॉर स्कॉलर्स ऐंड स्टोरीटैलर्स की ओर से उपलब्ध कराई गई सबसे सही तरीकों की गाइड और सलाह वाली शीट जैसे संसाधन शेयर करता है. उल्स, युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई YouTube की एडवाइज़री कमिटी की सदस्य हैं.

पहले एक बच्चों के खिलौनों और गेम की समीक्षा करने वाले चैनल Ryan's World ने YouTube के विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किए गए वीडियो की क्वालिटी से जुड़ी नीतियों को अपनाया. साथ ही, अपने चैनल को आगे बढ़ाते हुए विज्ञान के प्रयोगों और शिक्षा पर आधारित अन्य कॉन्टेंट बनाना शुरू किया.

Ryan's World के प्रोड्यूसर शिऑन काज़ी का कहना है, "जैसे-जैसे हमारी ऑडियंस की संख्या बढ़ी, हमें अनुभव हुआ कि हमें अभी बहुत कुछ करना है. इसलिए, हमने बच्चों के लिए शिक्षा देने वाले और मज़ेदार वीडियो बनाना शुरू किया." "YouTube की साझेदारी और वीडियो की क्वालिटी से जुड़ी नीतियों की मदद से, हमने बच्चों के लिए स्किट (कॉमेडी वाले छोटे वीडियो), साइंस के प्रयोग, और शिक्षा देने वाली गतिविधियां दिखाने वाले वीडियो बनाने पर ध्यान देना शुरू किया. इस बदलाव के बाद भी, हमारी ऑडियंस की संख्या लगातार बढ़ रही है. हमें गर्व है कि हम 3 करोड़ 30 लाख से भी ज़्यादा सदस्यों को बेहतरीन कॉन्टेंट उपलब्ध करा रहे हैं."

जैसे YouTube, क्रिएटर्स को विशेषज्ञों से मिली खास जानकारी उपलब्ध कराता जा रहा है, वैसे क्रिएटर्स बच्चों के लिए अलग-अलग तरह का कॉन्टेंट तैयार करने का अवसर पाकर, अपनी क्रिएटिविटी दिखा रहे हैं. उदाहरण के लिए, TotoyKids के क्रिएटर्स ने कहानी पर आधारित ऐनिमेशन वीडियो बनाने पर फ़ोकस किया, जिसे यूनीसेफ़ के साथ साझेदारी की, और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते. TotoyKids ने अपना कॉन्टेंट अन्य प्लैटफ़ॉर्म और सिनेमा घरों में भी उपलब्ध कराया है. इससे चैनल को आगे बढ़ने में काफ़ी मदद मिली है. इसके प्रोग्राम, Netflix पर सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले बच्चों के 10 प्रोग्राम में शामिल हो गए हैं.

# बच्चों और परिवारों के लिए हमारी प्रतिबद्धता

बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना ही काफ़ी नहीं है: हम चाहते हैं कि YouTube पर बच्चों और परिवारों को बेहतरीन अनुभव मिले, जिससे उनका मानसिक विकास हो सके. साथ ही, उन्हें कुछ नया सीखने, नई चीज़ें एक्सप्लोर करने, और अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर मिले. हम अच्छी क्वालिटी वाले वीडियो को बढ़ावा देने और क्वालिटी से जुड़ी अपनी नीतियों को बेहतर बनाने के नए तरीके खोजते रहेंगे. साथ ही, क्रिएटर्स और परिवारों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे.